# बाजी श्याम की बाँसुरिया | By Lakhbir Singh Lakha |

ए बाजी श्याम की बाँसुरिया
बाँसुरिया बाँसुरिया हाय राम
बाजी कहाँ श्याम की बाँसुरिया

ब्रह्मा भूले विष्णु भूले
भूले नारद ज्ञानी
तप करना कैलाश पे भूले
भोले औघड़ दानी
भूले भाँग की गठरिया
गठरिया गठरिया हाय राम
बाजी कहाँ श्याम की बाँसुरिया

मौन हुए पंछीगण सारे
गायें चरण बिसराई
जमुना जी की धारा रुक गई
ऐसी तान सुनाई
ओ बैठे डाल पे साँवरिया
साँवरिया साँवरिया हाय राम
बाजी कहाँ श्याम की बाँसुरिया

दूध दही बेचने को ग्वालन
मथुरा जा नहीं पाई
कृष्ण कन्हैया मुरली वाले
ऐसी तान सुनाई
हो भूली राह में गुजरिया
गुजरिया गुजरिया हाय राम
बाजी कहाँ श्याम की बाँसुरिया

राधा के संग कृष्ण कन्हाई
हिल-मिल रास रचाए
वो छवि देखन खातिर शर्मा
मन ही मन ललचाए
ओ तरसे नैनों की पुतरिया
पुतरिया पुतरिया हाय राम
बाजी कहाँ श्याम की बाँसुरिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-lakhbir-sin/